वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 349 मंगलवार 18 अप्रैल 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## 30 अप्रैल से जयपुर होकर नहीं चलेगी हमसफर एक्सप्रेस

### जयपुर-असारवा (अहमदाबाद) की टाइमिंग भी बदली



**जयपुर. कासं।** नई दिल्ली से जयपुर होकर उदयपुर जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन को रेलवे ने 30 अप्रैल से रूट परिवर्तित करके चलाने का फैसला किया है। इस ट्रेन को अब जयपुर से न चलाकर रींगस, रेवाड़ी, फुलेरा रूट से चलाया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ जयपुर से असारवा (अहमदाबाद) चलने वाली ट्रेन के संचालन समय में बदलाव किया करते हुए इसे जयपुर से एक घंटे 5 मिनट की देरी से चलाने का निर्णय किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे से जारी शेड्यूल के मुताबिक 30 अप्रैल से गाड़ी संख्या 22985 उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय हमसफर एक्सप्रेस 30 अप्रैल से उदयपुर सिटी से हर रविवार को रात 12.45 बजे रवाना होकर वाया अजमेर, फुलेरा, रींगस और रेवाड़ी होते हुए सुबह 11.25 बजे दिल्ली सराय पहुंचेगी। इसी प्रकार रिर्टन में ये गाड़ी दिल्ली सराय शाम 16.15 बजे रवाना होकर अगले दिन 4.00 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी। जयपुर से अहमदाबाद के असारवा चलने वाली गाड़ी की स्पीड को रेलवे ने बढ़ाने का निर्णय किया है। इसके कारण इस ट्रेन को जयपुर से एक घंटा 5 मिनट देरी से रवाना किया जाएगा, लेकिन तब भी ये गाड़ी अहमदाबाद अपने निर्धारित समय से आधा घंटा पहले पहुंचाएगी। रेलवे से मिली रिपोर्ट के मुताबिक गाड़ी संख्या 12981 जयपुर-असारवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 24 अप्रैल से अपने निर्धारित समय शाम 7.35 बजे के स्थान पर 1 घंटे 10 मिनट देरी से यानी रात 8.45 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह (अपने निर्धारित समय से 30 मिनट पहले) 8.20 बजे असारवा पहुंचेगी।

### पायलट की सभा में मंत्री गुढ़ा का हाईकमान को चैलेंज: बोले...

# मां का दूध पिया है तो सचिन पर कार्रवाई कीजिए; छठी का दूध याद आ जाएगा



**जयपुर. कासं**

सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने कहा कांग्रेस हाईकमान और प्रदेश प्रभारी को चेतावनी दी है। मंत्री ने कहा- 'मैं चैलेंज देना चाहता हूं, मां का दूध पिया है तो सचिन पायलट के खिलाफ अनुशासन की कार्रवाई करके बताइए। छठी का दूध याद आ जाएगा।' गुढ़ा सोमवार को झुंझुनूं के खेतड़ी में टीबा गांव में शहीद की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के बाद हुई सभा में बोल रहे थे। सभा में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट भी मौजूद थे। गुढ़ा ने कहा कि मुझे लोग कहते हैं कि मुख्यमंत्री तुम्हें जेल भेज देंगे। जेल का लाइसेंस रिन्यू करने का टाइम आ गया है। राजस्थान की 36 कौम और सभी जाति के नौजवान पायलट के साथ खड़े हैं। जी जान देने के लिए तैयार हैं। जिस दिन जरूरत पड़ेगी।

### करोड़ों लोग गद्दार, नाकारा, निकम्मा जैसी भाषा नहीं सुनेंगे

गुढ़ा ने कहा- मुख्यमंत्री की 63 साल की उम्र थी तब भी सरकार नहीं बना पाए। 100 के 21 बना दिए थे। अब हमारे मुख्यमंत्री 73 साल के हो गए हैं। 2013 में जवानी कुछ बची हुई थी। अब 73 के हो गए हैं। अब प्रचंड बहुमत आएगा। समाचार समाप्ति की तरफ जा रहे हैं। करोड़ों लोग यह भाषा नहीं सुन सकते, ये गद्दार, नाकारा निकम्मा। ये नहीं सुन सकते। हमारे धैर्य की परीक्षा नहीं ली जए। ये नौजवान बर्दाश्त करने वाला नहीं है। गुढ़ा तो कभी भी अनुशासनहीनता की कार्रवाई के लिए तैयार है, कभी भी कर देना। मेरे खिलाफ झूठे मुकदमे किए गए। सोलंकी ने कहा कि शहीद की वीरांगना आज भी नौकरी के लिए तड़प रही है। मंत्री राजेंद्र गुढ़ा सही कहते हैं कि मंत्रियों को पावर नहीं है। मंत्रियों को पावर दिए जाने चाहिए। मंत्रियों के पावर अभी भी हाथ में नहीं है। गुढ़ा बार-बार कहते हैं। शेखावाटी के लोग सेना में सबसे ज्यादा बलिदान देते हैं। सरकार इनके प्रपोजल को खारिज करती है तो उन लोगों से हमें लड़ाई भी लड़नी है। जो देश के लिए शहीद होते हैं, हमें उनकी इज्जत करनी चाहिए। सोलंकी ने कहा कि सरकार ने जो घोषणा की उसे पूरा किया जाना चाहिए। जहां सरकार घोषणा करती है, जहां नौकरी देने की बात करती है। उसे पूरा नहीं किया जाता। हमारे झुंझुनूं की शहीद की वीरांगना को नौकरी नहीं मिल रही।

### सोलंकी बोले- पायलट के चेहरे के बिना सरकार नहीं आएगी

पायलट समर्थक विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने कहा कि पायलट का चेहरा आगे नहीं किया तो सरकार आना मुश्किल है। जिन नेताओं ने हमें यहां तक पहुंचाया है। उनकी हम शहादत नहीं होने देंगे। यह पायलट की ताकत थी। यह पायलट का ही चेहरा था। इसकी वजह से कांग्रेस की सरकार आई। आने वाले समय में भी अगर पायलट का चेहरा रहा तो ही कांग्रेस की सरकार रिपीट करेगी। अगर इस चेहरे में थोड़ी सी भी मायूसी दिखी तो मुझे लगता है सरकार नहीं आएगी। जो मंत्री गुढ़ा ने कहा वह बात सही हो जाए। हम नहीं चाहते, जो गुढ़ा ने बात कही वह सही हो। कार्यकर्ता कांग्रेस की सरकार लाना चाहते हैं। कांग्रेसी कार्यकर्ता चाहते हैं। इसके चेहरे पर यह सरकार आई थी, उस चेहरे को चमकाना बहुत जरूरी है।

# पूनम अंकुर छाबड़ा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भेंट की...



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मुख्यमंत्री निवास पर सीएम से मुलाकात कर पूनम अंकुर छाबड़ा ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन। देश-विदेश में नशामुक्त आंदोलन की अलख जगाने वाली एवं शराबबंदी आंदोलन की बागडोर संभालने वाली पूनम अंकुर छाबड़ा ने सूरतगढ़ को जिला बनाने की एवं प्रदेश को नशामुक्त बनाने की मुख्यमंत्री से की मांग। सूरतगढ़ आंदोलनकारियों से वार्ता कर मामले को सुलझाने की रखी मांग। पिछले एक माह से सूरतगढ़ में आंदोलन चलने का दिया हवाला। पूनम छाबड़ा ने कहा जब तक प्रदेश नशामुक्त नही हो जाता तब तक आबकारी नियमों से शराब की दुकानों का संचालन हो, रात आठ बजे बाद प्रदेश में शराब की बिक्री जोरो पर है इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। साथ ही शराब की दुकानों पर लगे साइन बोर्ड व होर्डिंग लगना अवैध हैं इन्हें तुरंत हटाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देकर कहा कि सूरतगढ़ वासियों से जल्द वार्ता की जायेगी एवं प्रदेश में आबकारी नियमों से ही दुकानों का संचालन होगा ऐसा आश्वस्त किया।

### महावीर पाठशाला का हुआ शुभारम्भ

# हम जीवन को कैसे सुधारें: मुनिश्री श्रद्धानंद जी

**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** 108 आचार्य श्री वसुनंदी जी के परम प्रभावक श्रमण मुनिश्री श्रद्धानंद जी मुनिश्री पवित्रानंदजी के सानिध्य में महावीर पाठशाला का शुभारंभ हुआ । श्री 1008 भगवान महावीर दिगम्बर जैन मंदिर डीडवाना रोड कुचामन सिटी आचार्य श्री फोटो के सामने दीप प्रज्वलित कर मुनिश्री का प्राछालन शास्त्र जी भेंट करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी महावीर प्रसाद विनीत प्रभा देवी तारामणि देवी झांझरी बेंगलूर, ओमप्रकाश श्रीमती किरण झांझरी कुचामन श्रीमती गुणमाला, देवी हैदराबाद श्रीमती सीमा, श्रीमती चंचल श्रीमती रेशमा श्रीमती टीना जैन जयपुर ने किया। महाराज श्री का हम जीवन को कैसे सुधारें पर सभी के लिए सारगर्भित प्रवचन हुवा बच्चों के धार्मिक ज्ञान हेतु महावीर पाठशाला का शुभारम्भ किया गया। अध्यक्ष लालचंद पहाड़ियां सचिव चिरंजीलाल पाटोदी ने सभी का तिलक माला दुपट्टा से स्वागत कर सम्मान किया। कार्यक्रम में 72 बालक बालिकाओं ने भाग लिया संस्था द्वारा सभी को अल्पाहार कराया गया बच्चों को पाठशाला हेतु धर्म की पुस्तक, पैन, रबड फाईल, वितरित की गई। सभी सहयोग करता के परिवार के प्रति मन्दिर सीमित परिवार द्वारा स्वागत अभिनन्दन कर बहुत बहुत अनुमोदन साधुवाद कर धन्यवाद दिया।






शाबाश इंडिया
प्रस्तुत करते हैं
स्थापना दिवस विशेषांक

ग्लेज्ड पेपर पर प्रकाशित... आकर्षक छपाई... पूर्णतया रंगीन

अपनी स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शाबाश इंडिया 27 अप्रैल 2023 को 'स्थापना दिवस विशेषांक' प्रकाशित करने जा रहा है। इसमें व्यापार-व्यवसाय, अर्थ जगत, राजनीति एवं सम-सामयिक विषयों पर विश्लेषणात्मक आलेख प्रकाशित किए जाएंगे जो इसे एक संग्रहणीय अंक बनाएंगे।

विज्ञापन दरें

| | | |
|---|---|---|
| फुल पेज | 30x23.5 Cm | ₹21000/- |
| हाफ पेज | 14x23.5 Cm | ₹11000/- |
| क्वार्टर पेज | 14x11.5 Cm | ₹6100/- |
| 7x11.5 Cm. | | ₹3100/- |
| 5.5x11.5 Cm. | | ₹2100/- |

प्रिंट पेपर, सोशल मीडिया, वेबसाईट के जरिए लाखों लोगों तक पहुंचने का मौका

विज्ञापनदाताओं के लिए एक सुनहरा अवसर

**उच्च स्तरीय ब्रांडिंग**
राज्य के प्रमुख शहरों में प्रबुद्ध पाठक वर्ग होने से उच्च स्तरीय ब्रांडिंग का एक बेहतरीन विकल्प है।

**टारगेटेड एडवरटाइजिंग**
अधिकतम पाठक मध्यम, उच्च मध्यम एवं उच्च आय वर्ग के हैं, जो विज्ञापन के लिहाज से टारगेटेड कस्टमर होते हैं।

**विश्वसनीयता**
शाबाश इंडिया की निष्पक्ष व तथ्यपरक खबरों से बनी छवि इसके विज्ञापनदाता की विश्वसनीयता को भी बढ़ाती है।

**आकर्षक छपाई**
विज्ञापनों की स्पष्ट एवं आकर्षक छपाई के लिए दिल्ली की प्रतिष्ठित प्रेस से ग्लेज्ड पेपर पर पूर्णतया रंगीन प्रकाशित होगा।

स्थापना दिवस विशेषांक में विज्ञापन एवं आलेख प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:
राकेश गोदिका, प्रधान सम्पादक मोबाइल: 9414078380, 9214078380
shabaasindia.com rakeshgodika@gmail.com, shabaasindia@gmail.com

# जैन सोशल ग्रुप अजमेर की पूर्व अध्यक्ष रूपश्री को जे एस जी के नॉर्दन रिजन की जोन कॉर्डिनेटर बनाया






**अजमेर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप अजमेर की पूर्व अध्यक्ष रूपश्री को जे एस जी के नॉर्दन रिजन की जोन कॉर्डिनेटर बनाया रूपश्री जी के दो साल के कार्यकाल में कराये गए आयोजन व कार्यों को देखते हुए जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन ने रूपश्री जी को नॉर्थेन रिजन के जोन - 9 का जोन कोर्डिनेटर बनाया गया है। जिसका शपथ ग्रहण समारोह जयपुर में रखा गया। जयपुर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री प्रताप सिंह खचरियावास रहे। समारोह में रूपश्री जैन के साथ जैन सोशल ग्रुप अजमेर से उपाध्यक्ष प्रदीप पाटनी, पूर्व अध्यक्ष विनय गदिया, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार पटोदी, सचिव अमित जैन, एक्जकुटिव मेंबर मनोज जैन, जैन सोशल ग्रुप, बिजयनगर से अध्यक्ष राजेश बाफना, उपाध्यक्ष विकास चोरडिया, सचिव अरविंद रांका, कोषाध्यक्ष प्रकाश पिपाडा, सह सचिव दिनेश मेहता, सुभाष लोढ़ा, ज्ञानचंद खब्या, राकेश कावड़िया, जैन सोशल ग्रुप क्लासिक, अजमेर से अजीत लोढ़ा आदि रहे। रूपश्री जी जैन सोशल ग्रुप की फाउन्डर मेम्बर भी है। और जैन सोशल ग्रुप अजमेर की निवर्तमान अध्यक्ष रही है। इन्होंने जैन सोशल ग्रुप को पिछले 20 साल के सभी रेकॉर्ड तोड़ कर अपनी एक अमिट छाप लोगों के दिलों में बनाई ।

# महावीर इंटरनेशनल रॉयल, ब्यावर की कार्यसमिती का हुआ गठन




## हर माह सेवा कार्य करने का हुआ निर्णय

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। सबको प्यार सबकी सेवा और जीओ और जीने दो की भावना के साथ प्राणी मात्र की सेवा के परम उद्देश्य के साथ नवगठित महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर के सदस्यों की साधारण सभा सम्पन्न हुई। जिसमें सर्व सम्मति से वीर अशोक पालडेचा को अध्यक्ष, वीर दिलीप बी भंडारी एवं वीर पंकज सकलेचा को उपाध्यक्ष, वीर रूपेश कोठारी को सचिव, वीर अभिषेक नाहटा को कोषाध्यक्ष और वीर योगेंद्र मेहता को सहसचिव के पद निर्वाचित किया गया। साथ ही वीर अशोक रांका, वीर पदम बिनायकिया, वीर सुरेन्द्र सुराणा, वीर राजकुमार पहाड़िया, वीर राजेन्द्र मुणोत, वीर गौतम रांका को डायरेक्टर एवं वीर दिलीप दक, वीर बाबूलाल आच्छा एडवाइजर, प्रवेश समिति में प्रवेश समिति में प्रदीप मकाना, अमित मेहता, पंकज दक खेलकूद समिति में राहुल बाबेल, दीपक भण्डारी शिक्षा स्वास्थ्य समिति में नरेन्द्र सुराणा, श्रेणिक बिनायकिया धार्मिक समिति में हेमेंद्र छाजेड़, मनोज रांका, सेवा समिति में अमित बाबेल, पुष्पेन्द्र चौधरी का मनोनयन किया गया। गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर धनपत श्रीश्रीमाल एवं वीर राजेश रांका द्वारा पदाधिकारीयों को सेवा कार्यों का निष्ठा एवं लगनपूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलवाई गई। इस उपलक्ष्य पर वीर धनपत श्रीश्रीमाल द्वारा सभी सदस्यों को महावीर इंटरनेशनल के प्रारूप एवं अपेक्स बॉडी द्वारा संचालित योजनाओं, संस्था के मूल उद्देश्यों, नियम एवं कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। वीर राजेश रांका ने सबको प्यार सबको सेवा के उद्देश्य के साथ अधिक से अधिक सेवा कार्यों को करने का जोर दिया।



## वेद ज्ञान

### ओंकार की शक्ति...

श्री गुरुग्रंथ साहिब का मंगलाचरण एक ओंकार से प्रारंभ होता हैं। श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने पूरे गुरुग्रंथ साहिब में किसी न किसी रूप में अनेक बार इसे दोहराया है। ओंकार की महिमा का गुणगान वेद, उपनिषद् और पुराण सभी कर रहे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि ओंकार का अर्थ एक सर्वव्यापी ध्वनि से है, जो निरंतर गूंजती रहती है। जैसे एक चालू कारखाने में निरंतर एक प्रकार की ध्वनि गूंजती रहती है, उसी प्रकार की ध्वनि सृष्टि-रचना की अनंत प्रक्रिया से सतत रूप से उत्पन्न होती रहती है, जिसका आकार ऊँ (ओंकार) जैसा ही होता है। इसीलिए इसे ओंकार कहते हैं। ओंकार कोई स्वर नहीं है और न ही इसका कोई अर्थ है। यह एक अनहद नाद है, जो अनादि और अनंत है, जो विश्व की अबाध गति का प्रमाण है। इस ऊँ (ओंकार) के महत्व को भारतीय दर्शन और संस्कृति ने बहुत महत्व दिया है। मानव निर्मित औद्योगिक सभ्यता से पहले आदिम युग में जब मनुष्य अरण्यवासी हुआ करते थे, तब उनकी इंद्रियां प्रकृति से एकाकार रहा करती थीं। पाश्चात्य दार्शनिक रूसो कहते हैं कि तब प्रकृति और मनुष्य के स्वभाव में भेद नहीं था। नगरीय-सभ्यता के आरंभ होते ही, यह एकता टूट गई। कारखानों के विकास और मशीनी युग के सूत्रपात ने प्रकृति और मानव के घनिष्ठ संबंधों को तोड़ दिया और मनुष्य स्वनिर्मित सभ्यता के शोर-शराबे में डूब गया। वह संवेदनशील न रहकर तार्किक और बौद्धिक होता गया। असीम से विलग होकर ससीम और संकुचित होता गया। प्राकृतिक ध्वनियों-प्रतिध्वनियों और मनुष्य के कान के मध्य, कल-कारखानों की अनवरत ध्वनि ने अपनी सत्ता स्थापित कर ली, जिससे ऊँ (ओंकार) की ध्वनि तो ओट में चली गई, किंतु इसका अर्थ यह नहीं होता कि सूर्य बादलों की ओट में चला गया है तो सूर्य सदा के लिए विलीन हो गया। गुरुनानक देव जी का प्रथम उद्घोष ओंकार ही था। यह उन्हें सुनाई पड़ा, उन्हें इसकी अनुभूति हुई, तभी तो आज विश्व इस ओंकार की अनूभूति के लिए व्यथित है, व्याकुल है। इस रचनात्मक ध्वनि को 'ब्रह्म' मान लिया गया। यही 'ऊँ' यानी ओंकार आज्ञा चक्र को जाग्रत करता है। गुरुनानक देव जी और गुरुगोविंद सिंह जी त्रिकालदर्शी थे।

## संपादकीय

### जड़, जंगल और जमीन के महत्व को समझेंगे बच्चे...

प्रकृति के साथ जीवन बिताना और उसका संरक्षण भारत की संस्कृति में घुला रहा है लेकिन वक्त के साथ बदलती दुनिया में भौतिकवाद और तकनीक पर आधारित जनजीवन का बड़ा असर पर्यावरण पर पड़ा है और अब यह वैश्विक चिंता का भी कारण बनता जा रहा है। यही वजह है कि न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में पर्यावरण को स्वच्छ बनाने या संरक्षण को लेकर आए दिन नई योजनाओं और कार्यक्रमों पर विमर्श चल रहा है, उस पर अमल भी हो रहा है। इसी क्रम में भारत में भी कई तरह की पहलकदमियां होती रही हैं। अब केंद्र सरकार की ओर से एक नई पहल के तहत देश भर में युवाओं को पर्यावरण से जोड़ने के लिए नई योजनाओं और रणनीति को लागू किया जाएगा। इस मसले पर गुरुवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय, नई दिल्ली और राज्य संग्रहालय, लखनऊ ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत दोनों संस्थाएं पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा की दिशा में मिल कर काम करेंगी और इसके लिए स्कूल और कालेज के युवाओं को जोड़ा जाएगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय की स्थापना राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा देने के मकसद से भी हुई है। इसी दिशा में अपने कार्यक्रमों के विस्तार के मकसद से इसने देश के दक्षिणी, मध्य, पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में अपने चार क्षेत्रीय संग्रहालयों के जरिए अपनी सेवाओं और अपने दृष्टिकोण पर एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम तैयार किया है। राज्य संग्रहालय, लखनऊ के साथ ताजा समझौता इसी दृष्टिकोण को जमीन पर उतारने की कोशिशों की एक कड़ी है। दरअसल, मौजूदा दौर में दुनिया भर में चल रही तकनीकी प्रगति के दौर में जैसे-जैसे भौतिकता का विस्तार हो रहा है, आम जनजीवन में तकनीकी सुविधाओं का उपभोग सामान्य होता जा रहा है, लोग प्रकृति और उसके अनिवार्य तकाजों की ओर से उदासीन हो रहे हैं। हालांकि आए दिन लगभग हर जगह पर्यावरण को लेकर जताई जाने वाली चिंताएं आम दिखती हैं, इस मसले पर अनेक संगठन काम कर रहे हैं, लेकिन इसी अनुपात में जागरूकता का प्रसार नहीं हो पा रहा है। अगर केवल प्लास्टिक के उपयोग के ही उदाहरण पर गौर किया जाए तो ज्यादातर लोग जानते हैं कि इसके इस्तेमाल का नुकसान कितना घातक और दीर्घकालिक असर रखता है, लेकिन इससे बचना किसी को जरूरी नहीं लगता। यह स्थिति लगभग सभी मामलों में है। इसकी एक जड़ बचपन और किशोरावस्था से लेकर युवा होने के क्रम में आम चलन का सामना करना होता है। कोई बच्चा अपने सामने वैसी चीजों और सुविधाओं का उपयोग आमतौर पर होता पाता है, उसमें सुविधा भी महसूस करने लगता है, जो आगे चलकर न केवल उसके लिए, बल्कि व्यापक तौर पर प्रकृति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकती है। शायद यही वजह है कि केंद्र सरकार की ताजा पहल में स्कूल और कालेज के बच्चों और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की नई पहल में जोड़ने की जरूरत महसूस की गई है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

### दो टूक...

अब प्रधानमंत्री ने भी ब्रिटेन से दो टूक कह दिया है कि वह भारत विरोधी तत्त्वों के मामले में किसी भी तरह की उदारता न बरते। राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में किसी भी तरह की ढिलाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से फोन पर बातचीत करते हुए पिछले दिनों भारतीय उच्चायोग में उपद्रवी तत्त्वों द्वारा तिरंगा उतारे जाने और ब्रिटिश सुरक्षाकर्मियों की ढिलाई की याद दिलाई। इसके साथ ही उन्होंने भारत के भगोड़े आर्थिक अपराधियों के खिलाफ भी कड़े कदम उठाने की अपील की। इससे ब्रिटेन को एक तरह से यह स्पष्ट संदेश मिला है कि भारत किसी भी रूप में अपने खिलाफ हमला करने वालों को बर्दाश्त करने वाला नहीं है। इसी प्रकार पिछले दिनों जब आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भारत दौरे पर आए थे, तब भी हमारे प्रधानमंत्री ने उनसे आस्ट्रेलिया के हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ को लेकर सख्त कार्रवाई करने की अपील की थी। उससे भी दुनिया के देशों को यह संदेश गया था कि भारत अपने खिलाफ किसी भी प्रकार का हमला सहन नहीं करेगा। इससे स्वाभाविक ही विपक्ष के उन नेताओं को भी यह संदेश गया है कि सरकार राजनय के मामले किसी भी रूप में ढिलाई नहीं बरतती, जो यह आरोप लगाते रहते हैं कि केंद्र विदेशी मामलों में उचित निर्णय नहीं ले पाती। पिछले महीने खालिस्तान समर्थक कुछ उपद्रवियों ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग परिसर में से तिरंगा उतार कर उस पर अपना निशान फहरा दिया था। विचित्र है कि तब ब्रिटिश सुरक्षा कर्मियों ने उन पर शिकंजा कसने में लापरवाही बरती। उस घटना से नाराज भारत ने दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर अपनी सुरक्षा हटा ली। तब ब्रिटेन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए उच्चायोग और उसके कर्मचारियों-अधिकारियों की सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसके अलावा, एक कार्यक्रम में जब भारतीय उच्चायुक्त हिस्सा लेने जा रहे थे, तब उनका इस कदर विरोध किया था कि उन्हें अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। उस घटना के बाद भारतीय उच्चायोग परिसर की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जाने लगी थी। ये सारी बातें अभी तक विदेश मंत्रालय के स्तर पर होती रही थीं, मगर अब प्रधानमंत्री ने सीधे ब्रिटिश प्रधानमंत्री को इस संबंध में आगाह किया है, तो उम्मीद है, इस मामले में गंभीरता से ध्यान दिया जाएगा। दो देशों के बीच संबंध केवल आर्थिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक, वाणिज्यिक नहीं होता। दोनों के बीच परस्पर सुरक्षा की भावना भी प्रबल होनी चाहिए। ब्रिटेन और भारत के बीच बहुत पुराने संबंध हैं। वहां बड़ी तादाद में भारतीय नागरिक भी रहते हैं, जो ब्रिटेन की सभ्यता और संस्कृति के वाहक हैं, वहां की राजनीति और आर्थिक विकास में अमूल्य योगदान देते हैं। ऐसे देश में भी अगर भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जाती है या भारत के साथ धोखाधड़ी करके अपराधी वहां पनाह पाते हैं, उनके प्रत्यर्पण में पेच फंसा रहता है, तो दोनों देशों के रिश्तों में कमजोरी आना स्वाभाविक है। ब्रिटेन इस बात से अनजान नहीं है कि खालिस्तान की मांग करने वाले दरअसल भारत विरोधी तत्त्व हैं और वे भारत में हिंसक गतिविधियों के लिए युवाओं को बरगलाते हैं। खालिस्तान की मांग करने वालों के नेता ब्रिटेन में ही रहते हैं। अगर उन पर नकेल कसी जाए, तो भारत में अलगाववाद की चिंगारी को हवा मिलनी बंद हो जाएगी। प्रधानमंत्री की ऋषि सुनक से बातचीत के बाद स्वाभाविक ही इस बात की उम्मीद बनी है कि वहां भारत विरोधी ताकतों पर शिकंजा कसने की कोशिश होगी।

# हैदराबाद की जैन महिलाओं ने बनाया दक्षिण भारत का प्रथम जैन महिला बैण्ड




हैदराबाद. शाबाश इंडिया

जैन समाज की महिलाओं ने भक्ति के क्षेत्र में कुछ नया करने की सोची और बना दिया एक सुमधुर बैण्ड, जिसका नाम रखा है सरोवर की गूंज। हैदराबाद तेलंगाना की महिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिल्पा जैन ने बताया कि हम जैन महिलाओ ने कुछ नया करने का सोचा और बना दिया दक्षिण



भारत का पहला जैन लेडिज बैण्ड, उक्त बैण्ड मे कुल 20 महिलाएं हैं जो सरोवर की गूँज बैण्ड में सक्रिय है। उक्त महिलाओ ने विगत दिनों महावीर जन्म कल्याणक पर्व पर भी अपनी शानदार भक्ति मय प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। सरोवर की गूंज बैण्ड मे श्रीमती शिल्पा जैन के नेतृत्व में श्वेता जैन,नेहा जैन, निकिता हीरावत, प्रीति जैन , रीता जैन , रेखा जैन ,रीनू बड़जात्या, रेणु शाह, विनिता जैन, गरिमा लुहाड़िया, नीता जैन, रिचा जैन, शिल्पी जैन, सुषमा जैन, प्रियंका जैन,चारू जैन, कृष्णा जैन, मीना जैन सक्रिय है जो सामाजिक कार्यो में निरंतर सलग्न रहकर अपना काम कर रही हैं। दक्षिण भारत के प्रथम महिला बैण्ड की प्रस्तुति पर अनेक स्नेहीजनो ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। उल्लेखनीय है कि श्रीमती शिल्पा जैन मध्य प्रदेश के उज्जैन नगर के कांसल परिवार की बेटी है वह प्रारंभ से ही धार्मिक सामाजिक कार्य में अग्रणी रहकर धार्मिक संस्कारों से ओतप्रोत है। पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी ने वृक्षारोपण भी किया है, समाज को संगठित कर निरन्तर धार्मिक गतिविधियों का संचालन कर रही हैं।



## जलने के बाद प्राथमिक उपचार पर पोस्टर का विमोचन हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, बी . डी . कल्ला द्वारा 17 अप्रैल को अपने सरकारी निवास पर जलने के बाद प्राथमिक उपचार पर केंद्रित डॉ मालती गुप्ता, आचार्य एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न्स विभाग, स मा सिंह चिकित्सालय द्वारा जन साधारण की जागरूकता हेतु निर्मित पोस्टर का विमोचन किया गया। शिक्षा मंत्री ने डॉ गुप्ता द्वारा प्रेषित आवेदन पर यह आश्वासन दिया कि जलने के बाद प्राथमिक उपचार विषय के महत्व को देखते हुए, तथा इस विषय में आम जन में व्यापक रूप से व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने हेतु, विमोचन किये गए पोस्टर में डॉ मालती गुप्ता द्वारा सरल भाषा में स्वरचित कविता को स्कूल शिक्षा के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा ।इस तरह से राजस्थान प्रदेश इस महत्वपूर्ण विषय को स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने वाला हमारे देश का प्रथम प्रदेश होगा तथा सम्भवतः विश्व का भी प्रथम प्रदेश होगा।

# महावीर पब्लिक स्कूल को मिली चमचमाती ट्रॉफी




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 'राजस्थान पुलिस दिवस' के अवसर पर राजस्थान पुलिस विभाग द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महावीर पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहा।इस प्रतियोगिता में जयपुर शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में बजर राउंड और रैपिड फायर राउंड जैसे आठ राउंड हुए जिसमें महावीर स्कूल के छात्रों ने एक के बाद एक पूछे गए सवालों के जवाब तेजी से देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा स्कूल को चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई।विद्यालय के अध्यक्ष उमराव मल संघी, मानद् मंत्री सुनील बख़्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला, संयोजक सुदीप ठोलिया,अन्य कार्यकारिणी सदस्यों एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन ने छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई दी ।






## आचार्य श्री प्रज्ञ सागर जी महाराज के सानिध्य में विशाल राष्ट्रीय महिला सम्मेलन संपन्न



**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया**


सिविक सेंटर के केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में परम पूज्य आचार्य श्री प्रज्ञसागर जी महाराज जी के पावन सानिध्य में जैन एकता मंच द्वारा विशाल महिला सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सतीश जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष जैन एकता मंच रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा एकता मंच महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इसी कड़ी में आज मंच ने करीब 40 महिलाओं को सिलाई मशीन निशुल्क प्रदान की गई। राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता जैन काला ने बताया अधिवेशन में पूरे देश की महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर अपनी एकता का परिचय दिया जिसमें महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, आसाम, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, त्रिपुरा, गुजरात, पंजाब, नवी मुंबई, गोवा की महिलाओं ने अपने दल के साथ उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हजारों की संख्या में सभी ने महिला सशक्तिकरण पर बल दिया और देश के चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण के हिसाब से महिलाओं की चुनाव में सहभागिता हो, ऐसा सभी पार्टियों से निवेदन किया गया। देश में आज की परिस्थिति के चलते महिलाएं शिक्षा में निरंतर आगे बढ़ रही है। पर आज हमें जरूरत है महिला सशक्तिकरण को अपने घर से शुरू करें यह पूरी दुनिया सृष्टि देश महिलाओं के अस्तित्व से ही चल पा रहे हैं आज शिक्षा में राजनीति में समाजिक क्षेत्र में व्यापार में धार्मिक क्षेत्रों में महिलाओं को अपने शहर, अपने जिले, अपने प्रदेश से भागीदारी सुनिश्चित कर आगे बढ़ाने का समय आ गया है जैन एकता मंच राष्ट्रीय ने महिला सम्मेलन करा कर हर कार्यक्रम में 50% भागीदारी और समय देने की घोषणा करके महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रण लिया है। दिल्ली प्रदेश में इस आयोजन को करने का मकसद पूरे देश में इस जैन एकता मंच के महिला सम्मेलन की गूंज जाए और देश का सबसे ज्यादा साक्षर वर्ग जैन संप्रदाय महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी के अधिकार प्रदान करने का कार्य करें और महिला शक्ति को बगैर भेदभाव के आगे लेकर के आए जिससे हम इस देश के और दुनिया के उज्जवल भविष्य की कामना कर सके और इस सृष्टि में अमन भाईचारा और समानता का भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो साकार हो सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश जैन के साथ मुख्य अतिथि श्रीमती रत्न प्रभा सेठी आसाम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भाई मनीष जैन , प्रमोद जैन राष्ट्रीय प्रभारी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय मंत्री सुमित जैन दिल्ली एवम राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी से राष्ट्रीय महिला कार्याध्यक्ष वनिता जैन, शशि कासलीवाल उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला महामंत्री मंजू , रीटा जैन राष्ट्रीय महिला मंत्री, नियोति जैन राष्ट्रीय महिला सांस्कृतिक मंत्री, मंजू सोगानी, अंजू जैन, व उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मास्टर जिनेश्वर दयाल जैन, राकेश जैन महामंत्री उत्तर प्रदेश, नवीन जैन दिल्ली प्रदेश प्रभारी, सुदीप जैन दिल्ली प्रदेश मंत्री, दिल्ली प्रदेश महिला अध्यक्षा अलका जैन, उपाध्यक्ष, अनामिका जैन महिला मंत्री के साथ श्रीमती सरोज सेठी श्रीमती संध्या सेठी, श्रीमती सुमन पांड्या, श्रीमती बीना पाटोदी व अन्य कर्मठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नि :शुल्क मुत्र रोग में 55 व हड्डी के 68 रोगीयों को मिला लाभ




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमालादेवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से छठवां निःशुल्क हड्डी, जाँच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विषेशज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) द्वारा आयोजित किया गया। श्रीमती विमलादेवी स्व. श्री भवंरलालजी झांझरी के सौजन्य से निःशुल्क मुत्र रोग जाँच शिविर, डॉ. नरेश गर्ग वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट-इंडस हॉस्पिटल जयपुर द्वारा कुचामन शहर में प्रथम बार निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। दोनों शिविर प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक अरिहन्त हेल्थ केयर सेन्टर, राजकीय चिकित्सालय के पास में आयोजित किये गये। संस्था सचिव अजित पहाड़िया के अनुसार मुत्र रोग शिविर में 55 रोगी हुए लाभवान्वित। शिविर संयोजक नरेश झांझरी, रतन मेघवाल ने बताया कि 33 रोगियों की खुन संबंधी जाँचे निःशुल्क की गई, 13 सोनोग्राफी रियायत दर पर की गई।


# श्री राजेश- श्रीमती रानी पाटनी






दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के संगठन सचिव

की वैवाहिक वर्षगांठ (18अप्रैल) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर



# जिनालय ऊपर ध्वजा के लहराने से सुख समृद्धि और शांति होती है

## भगवान की भक्ति से सातिशय पुण्य की प्राप्ति होती है :आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवति आचार्य श्री शांति सागर जी की मूल बाल ब्रह्मचारी पट्ट परंपरा के पंचम पट्टाधीश आचार्य शिरोमणि वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी संघ सहित केशव नगर उदयपुर में विराजित रहकर धर्म प्रभावना कर रहे हैं। श्री आदिनाथ जिनालय में शिखर पर ध्वजा परिवर्तन आपके संघ सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर आयोजित धर्म सभा को संबोधित कर आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने बताया कि ध्वजा अखंड होना चाहिए अर्थात फटी , पुरानी ,छिद्र कारण नही होना चाहिए,हवा के साथ लहराती ध्वजा समाज,नगर देश के लिए मंगल कारी होती है,इससे सुख,शांति एवम् समृद्धि होती है। प्रो देवेंद्र,शांतिलाल कासलीवाल राजेश पंचोलिया ने बताया कि आचार्य श्री ने प्रवचन में आगे बताया कि आपके घरों और मंदिर की नियमित साफ-सफाई होना चाहिए कितने मंदिरों में छतों में सीढ़ियों के आसपास कचरा और जाले लगे होते हैं इसमें अनेक जीवो का घात होता है। जिनालय के दर्शन से आत्म कल्याण होता है ।जिनालय में देव शास्त्र गुरु के दर्शन से सम्यक दर्शन की प्राप्ति होती है। जिनेंद्र भगवान के दर्शन कैसे करना चाहिए इस पर आचार्य श्री ने बताया कि आप को भगवान के दर्शन कर भगवान को निहारना चाहिए कि वह किस प्रकार परमात्मा बने हैं भगवान की प्रतिमा देखकर यह विचार करना चाहिए कि मैं भी आपके जैसा कैसे भगवान कब बनूंगा। जिस प्रकार घर चलाने के लिए आप धन कमाते हैं ,उसी प्रकार धर्म का पालन करके आप पुण्य कमा सकते हैं और धर्म की प्राप्ति आपको जिनालय देव शास्त्र गुरु से होगी आचार्य श्री ने बताया कि भगवान की अटूट श्रद्धा भक्ति से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसके पूर्व संघस्थ शिष्य मुनि श्री हितेंद्र सागर जी ने प्रवचन में बताया कि जिस प्रकार आप शरीर पर फटा हुआ कपड़ा नहीं पहनते हैं उसे तत्काल बदल लेते हैं



उसके लिए आप किसी नियत तिथि जन्म तिथि का इंतजार नहीं करते हैं, ठीक उसी प्रकार आपको भी मंदिर में शिखर पर जो ध्वजा लगी है वह यदि फट जाती है, गल जाती है, सड़ जाती है, खराब हो जाती है तो उसके लिए वर्ष की नियत तिथि का इंतजार नहीं कर, पताका ध्वजा को तत्काल बदलना चाहिए। इसी प्रकार अभिषेक के बारे में भी मुनि श्री ने बताया कि भगवान के अभिषेक के लिए धोती और दुपट्टे भी कटे-फटे छिद्र वाले नहीं होना चाहिए ।अगर आप इन कपड़ों से अभिषेक करते हैं तो पुण्य नहीं मिलेगा उल्टा पाप का मिलेगा अभिषेक की पात्रता सोधर्म इंद्र को होती है आप प्रमाद के कारण भगवान का अभिषेक नहीं करते हैं आपको अभिषेक अवश्य करना चाहिए ।मुनि श्री ने बताया कि जो आगम अनुसार पूर्व आचार्यों ने लिखा है उस अनुसार जो श्रावक चलते हैं वह परम पद को प्राप्त होते हैं जो पूर्व आचार्यों के कहे अनुसार नहीं चलते वह अधोगति को प्राप्त करते हैं। अभिषेक करने से पुण्य की प्राप्ति होती है मुनि श्री ने बहुत ही द्रवित होकर बताया कि पानी की एक बूंद में जैन शास्त्र अनुसार असंख्यात जीव होते हैं ,वैज्ञानिक दृष्टिकोण से एक बूंद में 36000 से अधिक जीव होते हैं 1' में 16 बूंद होती है 1 लीटर पानी में 16000 बूंदे होती है अर्थात 1 लीटर अनछने पानी में 58 करोड़ 32 लाख से भी अधिक जीव होते हैं।

# भगवान मुनिसुव्रतनाथ स्वामी का जन्म एवम तप कल्याणक हर्षोल्लास से मनाया



**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर द्वारा ज्ञानोदय तीर्थक्षेत्र नारेली मे जैन तीर्थंकर विध्नहरण 1008 मुनिसुव्रतनाथ भगवान का जन्म व तप कल्याणक पर्व को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि मुनिसुव्रतनाथ भगवान की अतिशयकारी प्रतिमा के सम्मुख सौ से अधिक महिला सदस्याओं ने महामंत्र णमोकार पाठ का उच्चारण किया व भजन गाए जिस पर महिलाओं ने भक्ति नृत्य किए। युवा संभाग अध्यक्ष सोनिका भैंसा ने बताया कि समिति सदस्य उर्मिला सोगानी रौनक सोगानी परिवार द्वारा अजमेर से नारेली तीर्थ तक दी गई बस की सुविधा से तीर्थक्षेत्र पहुंचे जहा क्षेत्र प्रभारी ब्रह्मचारी भईया सुकांत जैन ने शब्दों से सभी का स्वागत किया। सभी समिति सदस्याए एक से परिधान धारण किए हुई थी। इस अवसर पर आदि सृष्टि मंडल की सदस्याओं ने एक बार आओजी मुनिसुव्रतनाथ माहके पावणा,कीर्तन की हे रात बाबा आज थाने आणो है,मेरे सर पर रख दो बाबा अपने ये दोनों हाथ देना होगा आपको मंगल आशीर्वाद आदि कई भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंत्री भावना बाकलीवाल ने बताया कि सांयकाल में सभी ने संगीतमय भक्तामर पाठ, महाआरती कर अपने पुण्य में वृद्धि की। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य नवल छाबडा,शिखा बिलाला, रिंकु कासलीवाल, शांता काला, रेणु पाटनी, अंजु गोधा,प्रिती गदिया, सारिका जैन , प्रिती जैन, शशि गंगवाल के अलावा आदि सृष्टि मंडल के सदस्य सहित 100 से अधिक सदस्याएं उपस्थित रही। अंत में कोषाध्यक्ष मंजु ठोलिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

## सेन जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। सेन समाज पंचायत द्वारा सोमवार को सेन समाज के आराध्य देव सेन जी महाराज का 723 वां जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सेन समाज पंचायत की ओर से सेन महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो नवलराम जी की बगीची से प्रारंभ होकर गांधी चौक, सदर बाजार, हनुमान चौक, फ्रामजी चौक, सब्जी मंडी होती हुई पॉपसिंह मोहल्ला स्थित सेन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां शामिल की गई। शोभायात्रा समाप्ति के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए जिसमें समाज के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी।

## राजस्थान जैन साहित्य परिषद की मासिक विचार गोष्ठी संपन्न



जयपुर. शाबाश इंडिया

राजस्थान जैन साहित्य परिषद की महावीर कुमार चांदवाड के संयोजन में हुई मासिक विचार गोष्ठी में, जैन दर्शन में भेद विज्ञान का स्वरूप एवं उसकी प्रक्रिया विषय पर विद्वान डॉ अरविंद कुमार जैन चोमू बाग का, सरल भाषा से बड़े दीवान जी का मंदिर मनिहारों का रास्ता में व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता ने भेद विज्ञान एवं सम्यक दर्शन की महत्वता को बहुत ही सरल शब्दों में समझाया। प्रवचन के पश्चात उपस्थित साधर्मी बंधुओं ने विद्वान महानुभाव से प्रश्न उत्तर किये। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त मंत्री रमेश गंगवाल ने बताया श्रीमती संतोष चांदवाड के द्वारा की गई देव वंदना से गोष्ठी का शुभारंभ हुआ, मंत्री हीराचंद वैद ने सभी आगंतुक महानुभावों का आभार व्यक्त किया, तथा डॉ. विमल कुमार जैन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि आगामी मई माह में श्रुत पंचमी समारोह का त्री दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होगा।

## स्वास्थ्य परीक्षण एवं रोग निदान शिविर का आयोजन किया




जयपुर. शाबाश इंडिया। वैयावृत्ति समिति जयपुर एवं जैन मंदिर बधी चंद जी के संयुक्त तत्वावधान में नामदेव चौक सांगानेर मंदिर जी परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 250 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया एवं आरोग्य लाभ प्राप्त किया। इसमें वरिष्ठ होम्योपैथिक डॉ रेखा जैन ,डॉ




दीपाली जैन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आभा सेठी दंत चिकित्सक डॉक्टर साक्षी जैन फिजियोथेरेपिस्ट डॉ कुणाल जैन प्राण चिकित्सा चंद्रशेखर लुहाडिया , रवि जैन ज्योतिष आचार्य, मनीषा गोधा चुंबक चिकित्सा, श्रीमती सरोज एक्यूप्रेशर, श्रीमती संगीता पाटनी ने अपनी सेवाएं प्रदान करें। इस अवसर पर कमल लोचन ने सभी आगंतुकों को पशु पक्षियों के पानी पीने के लिए परिंडे वितरित किए। मंदिर के अध्यक्ष मंत्री प्रमोद शाह ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर में शहर के बहुत से गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति रही। मीना चौधरी ने बताया कि वैयावृत्तिसमिति के सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं वहां पर दी।

## जिनदत्त सुरी दादाबाड़ी का ध्वजा रोहण कार्यक्रम संपन्न

रामगंजमंडी. शाबाश इंडिया। शहर के बाजार नं. 3 में स्थित आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर मे सन् 2015 से प्रतिष्ठित जिनदत्त सुरी दादाबाडी का ध्वजा कार्यक्रम धूम धाम से संपन्न हुआ। जैन श्वेतांबर श्री संघ के अध्यक्ष राजकुमार पारख ने बताया की रविवार को दादाबाड़ी की वार्षिक ध्वजा का कार्यक्रम में प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक नवकारसी हुई। उसके बाद 9 बजे से 3 घंटे दादा गुरुदेव की संगीतमय पूजा हुई। पूजा के बाद पूरे श्री संघ की उपस्थिति में ध्वजारोहण के लाभार्थी परिवार स्व. कन्हैयालाल पारस कुमार-चोपडा परिवार ने ध्वजारोहण किया। जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ के अध्यक्ष राजकुमार पारख ने बताया कि रामगंजमंडी पधारे राष्ट्र संत कमल मुनि कमलेश ने सुबह 9 बजे से 10 बजे तक स्थानक में प्रवचन दिये और उसके बाद उन्हें जैसे ही पता चला कि मंदिर की दादाबाडी मे ध्वजा का कार्यक्रम चल रहा है जैन संत कमल मुनि कमलेश दादाबाड़ी मे पधारे ओर उपस्थित लोगों से कहा कि जहा तक हो सके विदेशी वस्तुओं का प्रयोग एवं खरीद नहीं करें।







# लेकसिटी के कई आर्ट लवर्स सहित आमजन को आकर्षित किया स्क्रैप आर्ट और पेंटिंग्स ने

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

पायरोटेक और इंस्प्रिंट आर्ट गैलरी के साझे में आयोजित सात दिवसीय ''री बर्थ फॉर्म्स ऑफ स्कल्पचर एंड पेंटिंग'' इंटरनेशनल सिंपोजियम का समापन सोमवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निवृति कुमारी मेवाड़ ने सीएसआर के तहत कार्पोरेट जगत के इस तरह के कलाप्रेम की मुक्तकंठ प्रशंसा की। इससे पहले भामाशाह इंडस्ट्रियल एरिया, कलडवास स्थित पायरोटेक वर्कस्पेस सॉल्यूशंस परिसर में सभी कलाधर्मियों के सृजन की प्रदर्शनी को आमंत्रित शहर के प्रतिष्ठित आर्ट लवर्स और कलाकारों ने देखा और खूब सराहा। बता दें, इस सिंपोजियम में दो नन्हें कलाकारों ईशान और वियान सहित बीसियों कलाकार प्रतिभागियों ने आकर्षक कलाकृतियां तथा स्क्रैप आर्ट सृजन कर आयोजन को सार्थक बनाया। किसी को वेस्ट आयरन मैटीरियल से निर्मित कैमल (ऊंट) की बनावट ने लुभाया तो कई लोग स्क्रैप आर्ट के सिटी पैलेस की कृति और आयरन लोटस (कमल) को देखकर हैरान हुए। आयोजक डॉ. निर्मल यादव ने बताया कि समापन मौके पर आमंत्रित खास मेहमान निवृत्ति कुमारी मेवाड़ की गरिमामई उपस्थिति और कलाकारों संग साझा उनके समय और विचारों की अभिव्यक्ति तथा उनके हाथों सम्मान पाकर सभी आर्टिस्ट खासे प्रभावित हुए। उनके आगमन पर पायरोटेक फैमिली की ओर से कनिष्का तलेसरा ने उनका स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने सभी चित्रकारों की पेंटिंग्स देखी और प्रत्येक आर्टिस्ट को मोमेंटो/उपरना देकर सम्मानित भी किया। क्यूरेटर डॉ. मनीषा सांचिहर ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों सहित नेपाल, यूके, डेनमार्क और यूएस जैसे अन्य राष्ट्रों के आमंत्रित आर्टिस्ट को उदयपुर जैसे खूबसूरत शहर में इतने आत्मीय भाव से आतिथ्य और मानपूर्वक कला सृजन के लिए जो मौका औद्योगिक घराने से मिला उसे पाकर हर कोई अभिभूत था। विशाखापत्तनम से आए अप्पला राजू कहते हैं कि उनको इस कैंप में आयोजकों के साथ जिस तरह पायरोटेक स्टाफ और वोलेंटियर्स का सपोर्ट मिला उससे वे बहुत खुश हैं। यूके से आए डिजिटल आर्टिस्ट एंड्रियो हॉर्सफाल बताते हैं उनको पहली बार भारत आकर उदयपुर जैसी ब्यूटीफुल सिटी के कलाकारों संग काम करके बेइंतहा खुशी हुई है। यहां आमजन में भी कला की खासी समझ है। समूचे आयोजन को लेकर शौकिया छायाकार और आर्टिस्ट दिनेश कोठारी का कहना था.... उम्मीद से कई गुना ज्यादा... ! वहीं, कोटा से आई डॉ. शालिनी भारती कहती हैं मुझे ऐसे आयोजन का हिस्सा बनने का बेसब्री से इंतजार रहेगा। इसी तरह का चंडीगढ़ के आर्टिस्ट मदन सिंह का कहना था कि आयोजन के दौरान खाना, रहना, घूमना, सूफी नाइट, योगाचार्य सुरेश पालीवाल की योगा मॉर्निंग और अन्य सभी व्यवस्थाएं आला दर्जे की थी। समापन अवसर पर शिक्षाविद डॉ. श्रीनिवास अय्यर, एल एल वर्मा, डॉ. रघुनाथ शर्मा, स्नेहलता शर्मा, ललित शर्मा, राजाराम शर्मा, रजत शर्मा, डॉ. धर्मवीर वशिष्ठ, आकाश चोयल, मंदीप मीरा, डॉ. चित्रसेन, विजेंद्र देवड़ा, मनोज कलोशिया, बाबू बाबेल, इति कछावा, शर्मिला राठौड़, शरद भारद्वाज, चिमन डांगी, डॉ. अंजू गिरी, कमलेश डांगी, भूमिका देपडा, शिवांगी देवड़ा, सोहन सिंह, सुरभि डामोर, सिमरन बिड़ला, शिवानी जैन, रोहन ठाकोर, मयंक वैष्णव, समृद्धि शर्मा, हर्षी कुलरिया, अक्षिता कांठेड़ के साथ शहर के प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने के कई सदस्य और आमंत्रित कलाप्रेमी उपस्थित रहे। **रिपोर्ट /फोटोः राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइलः9829050939**



